**Patrika (Indore), 23rd January 2020, Patrika Plus, Page-17**

# खरगोन के 100 विद्यार्थियों ने आइआइटी किया विजिट

पत्रिका PLUS रिपोर्टर

इंदौर ◆ भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर द्वारा राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत, विद्यालयीय ज्ञान को बाहर की दुनिया से जोड़ने के लिए, गणित एवं विज्ञान की पढ़ाई को मनोरंजक बनाने के लिए, नवोन्मेष एवं प्रौद्यगिकी को बढ़ावा देने के उद्द्श्य से राजकीय देवी अहिल्या एक्सीलेंस हायर सेकंडरी स्कूल खरगोन के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए एक दिवसीय भ्रमण का आयोजन किया गया।

मानव संसाधन विकास मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित इस भ्रमण में स्कूल के करीब 100 विद्यार्थियों और 5 शिक्षकों ने भाग लिया। इस भ्रमण का आयोजन डॉ. नीरज कुमार शुक्ला व संस्थान की 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' अभियान की टीम ने किया।

विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने भौतिकी, रसायन, जैव विज्ञान, प्रौद्योगिकी की प्रयोगशालाओं, वर्कशॉप को देखा और संस्थान के गणित विभाग के प्राध्यापक डॉ. आशीष कुमार द्वारा दिए गए व्याख्यान को सुना।

